VEER BAHADUR SINGH PURVANCHAL UNIVERSITY JAUNPUR (UP)

MAINTENANCE POLICY

Made with PosterMyWall.com

(क) वार्षिक मरम्मतें, जिसमें कार्य की ऐसी मदें शामिल हैं, जो उपर (क) में निर्दिष्ट की गयी हैं।

(ख) विशेष मरम्मतें, जिसमें ऐसी मरम्मतें शामिल हैं, जो उपर (ख) और (ग) में निर्दिष्ट की गयी हैं।

विश्वविद्यालय के अनुरक्षण कार्यों के अन्तर्गत निम्नांकित कार्य सम्मिलित हैं तथा कार्य की आवश्यकता के अनुरूप उसमें कमी या वृद्धि की जा सकती है।

क्र0सं0	भवन / भवनों का समूह	कार्यों की सूची	अनुरक्षण कार्य हेतु सम्भावित धनराशि
1	2	3	4
		(1) सफेदी पुताई (2) रंगपुताई (3) डिस्टेम्बर (4) वर्षा के दौरान छत मरम्मत (प्रीकोचा आदि) (5) फर्श की मरम्मत (6) ईंट कार्य की मरम्मत (7) दीवारों पर प्लास्टर की मरम्मत (8) ईंट कार्य की टीपकारी की मरम्मत (9) दरवाजों तथा खिड़कियों पर तेल लगाना तथा सफाई करना (10) दरवाजों तथा खिड़कियों को ढीला करना (11) शीशों, जाली, कब्जा, सिटकिनी, खिड़की इत्यादि के बदलने को शामिल करके दरवाजों तथा खिड़कियों की मरम्मत (12) पंखों को लटकाना तथा उतारना (13) पंखे की मरम्मत (14) रोशनदान खिड़कियों के लिए पंखा, रस्सी, पट्टा तथा डोरी को बदलना (15) बाड़ की मरम्मत (16) जल संस्थापन की मरम्मत / नालियों की मरम्मत का कार्य (17) सफाई संस्थापन की मरम्मत (18) सागौन की लकड़ी के दरवाजे तथा खिड़कियों की मरम्मत / लोहे की आलमारी / लकड़ी आलमारी की मरम्मत	

Registrar
V.B.S. Purvanchal University.
Jaunpur

2

2. विश्वविद्यालय के भवनों की छत पर वर्षा ऋतु से पूर्व साफ–सफाई एवं वर्षा जल निकासी और छत की ऊपरी सतह पर आये क्रेक्स, सीलन आदि की वार्षिक मरम्मत की जाने की व्यवस्था है।

3. विश्वविद्यालय के भवनों की छतों पर जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रखी गयी टंकियों के लीकेंज, सीपेज, साफ–सफाई आदि की जांच एवं मरम्मत नियमित अन्तराल पर किये जाने की व्यवस्था है।

4. विश्वविद्यालय परिसर में जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बिछाई गयी अन्डरग्राउण्ड पाईप लाइन एवं उससे सम्बन्धित अन्य कार्यों के साथ–साथ शौचालय के फ़लश सिस्टम, कमोड, वाशवेसिन आदि में लीकेंज व सीपेज एवं सम्बन्धित अन्य कार्यों की जांच एवं मरम्मत नियमित अन्तराल पर कराये जाने की व्यवस्था है।

5. विश्वविद्यालय के सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट, ड्रेनज, नाली आदि का निरीक्षण एवं साफ़–सफाई 3 माह के नियमित अन्तराल पर कराये जाने की व्यवस्था है।

6. विश्वविद्यालय परिसर में विद्युतीकरण से सम्बन्धित उपकरण की जांच एवं मरम्मत समय–समय पर आवश्यकतानुसार कराये जाने की व्यवस्था है।

7. विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने के साथ–साथ अतिविशिष्ट अतिथियों का जैसेः– प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल महोदय एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण का आगमन वर्ष भर होता रहता है। उक्त के दृष्टिगत अतिथि गृह, शिक्षक अतिथि गृह, चान्सलर सुइट, संगोष्ठी भवन एवं कार्यक्रम स्थल और एकलव्य स्टेडियम तथा हेलीपैड के मरम्मत की विशेष व्यवस्था की गयी है।

8. विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त भवनों को जोड़ने हेतु लेपित मार्गो का अनुरक्षण लो0नि0वि0 के अनुरक्षण मैनुअल के अनुसार नियमित चार वर्ष के अन्तराल पर कराये जाने की व्यवस्था है। विश्वविद्यालय में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने हेतु साइनबोर्ड, कासनबोर्ड, स्ट्रीटलाइट, पुल–पुलियों की साफ–सफाई एवं मार्ग के दोनों तरफ फुटपाथ की निगरानी नियमित अन्तराल पर की जाती है और तद्नुसार आवश्यकता को देखते हुए मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य सुनिश्चित किये जाने की व्यवस्था है।

9. विश्वविद्यालय परिसर की साज–सज्जा एवं सौन्दर्यीकरण हेतु पार्क, तालाब, सरोवर, मंदिर, महापुरुषों की मूर्तियां छतरी सहित, फब्वारे आदि की साफ–सफाई एवं मरम्मत नियमित अन्तराल पर आवश्यकतानुसार किये जाने की व्यवस्था है।

Registrar
V.B.S. Purvanchal University
Jaunpur